हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37.7 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री

11 जय हनुमान! भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अनूठा संगम



11 लेमन रेस में रवि और सैक रेस में अनु ने सबको पछाड़ा



MATRIX CLASSES ... Run by IITian
IIT-JEE (MAIN & ADVANCE) | MEDICAL NEET (UG) | FOUNDATION (HTSE, KVPY & OLYMPIAD) | ONLY 30 SEATS FOR EACH CLASSES
REGULAR ADMISSION OPEN FOR: VII TO XII
FREE TUITION CLASSES FOR STUDENTS OF OUR INSTITUTE AT EVENING TIME
SCHOOLING & COMPETITIVE COACHING AT ONE PLACE
Director:- Mr. Muneem Bhar (IIT MADRAS, AIR - 163)
Opp. Chhotu Ram Stadium, Basant Vihar, Gali No.3, Sonepat Road, Rohtak | M. : 92533-22220, 9813840432

## शहर में आज


- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से
- बिजली कर्मचारी यूनियन की मीटिंग
- डीसी कार्यालय में समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं

## खबर संक्षेप

### सांपला मंडी में नहीं हुई गेहूं की खरीद शुरू

**सांपला।** अनाज मंडी में गेहूं की आवक के शुरू हो गई। लेकिन गुरुवार को करीब तीन हजार क्विंटल गेहूं की आवक हुई। जबकि 50 गेट पास जारी किए गए। गेहूं में नमी अधिक होने की वजह से खरीद नहीं की गई। सरकार की तरफ से 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू कर दी गई है। एसडीएम अंकिता पवार ने मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं खरीद पर पारदर्शिता होनी चाहिए। बिजली पानी सफाई शौचालय साफ हो। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### सीएम की जनसभा को लेकर तैयारियां तेज



**महम।** महम में 5 अप्रैल को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनसभा प्रस्तावित है। इसको लेकर प्रशासन और भाजपा नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जनसभा राजकीय महाविद्यालय महम के खेल मैदान में होगी, जहां टेंट लगाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। टेंट का सामान स्थल पर पहुंच चुका है और कर्मचारी दिन-रात जुटे हुए हैं।कार्य में लगे कर्मचारियों के अनुसार, संभावित बारिश को ध्यान में रखते हुए वाटरप्रूफ टेंट लगाया जा रहा है। सभा स्थल पर करीब 5 हजार कुर्सियां लगाने की व्यवस्था की जा रही है। कस्बे के खेल स्टेडियम में हैलीपेड भी तैयार किया जा रहा है। बारिश की आशंका और मैदान में नमी को देखते हुए ग्राउंड पर ईंटें बिछाई जा रही हैं ताकि हेलीकॉप्टर की लैंडिंग सुरक्षित हो सके।

## पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया का ट्रांसफर, गौरव राजपुरोहित को कमान

# लोगों को सुरक्षित महसूस नहीं करवा पाए एसपी, फिरौती गैंगवार और लूट की घटनाएं बनीं तबादले की बड़ी वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में पुलिस प्रशासन में बड़ा बदलाव किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुरेंद्र सिंह भौरिया का तबादला कर दिया गया है और उनकी जगह अब गौरव राजपुरोहित को नया एसपी नियुक्त किया गया है। शाम के समय जारी हुए आदेशों के अनुसार यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, नव नियुक्त एसपी गौरव राजपुरोहित सोमवार तक रोहतक में अपना कार्यभार संभाल सकते हैं। इस प्रशासनिक बदलाव को जिले की मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से जोड़कर देखा जा रहा है।

पिछले कुछ समय से रोहतक जिले में अपराध की घटनाओं में इजाफा देखने को मिला है। व्यापारियों, नेताओं और स्कूल संचालकों से फिरौती मांगने के मामले लगातार सामने आए हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। इसके अलावा गैंगवार और लूट की घटनाओं ने भी पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी। दिनदहाड़े होने वाली वारदातों ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी दबाव बढ़ा। इन परिस्थितियों में एसपी सुरेंद्र भौरिया के लिए अपराध पर नियंत्रण पाना आसान नहीं रहा और माना जा रहा है कि वे लोगों को सुरक्षित महसूस नहीं करवा पाए, इसी वजह से उनका तबादला किया गया है।

### नए एसपी के सामने बड़ी चुनौती



अब जिले की कमान संभालने जा रहे गौरव राजपुरोहित के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपराध पर लगाम लगाना होगा। खासकर संगठित अपराध, फिरौती और गैंगवार जैसी घटनाओं को रोकना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही पुलिस व्यवस्था को मजबूत करना, गश्त बढ़ाना और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना भी जरूरी होगा, ताकि आमजन में विश्वास बहाल किया जा सके।

### नए एसपी से जनता को काफी उम्मीदें

जिले में लगातार बढ़ते अपराध के बीच लोगों को नए एसपी से काफी उम्मीदें हैं। व्यापारी वर्ग, शिक्षा संस्थान संचालक और आम नागरिक चाहते हैं कि पुलिस सख्ती के साथ कार्रवाई करे और अपराधियों में कानून का डर पैदा हो। अगर पुलिस रणनीति के साथ काम करे और खुफिया तंत्र को मजबूत बनाए, तो अपराध पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

## तीन थानों में 651 मुकदमे, शहर के चार थानों पर सबसे ज्यादा दबाव


- एक साल में 340 मामलों का ही हो पाया निपटारा, 311 मुकदमे अब भी लंबित
- लड़ाई-झगड़े के केस ज्यादा, ग्रामीण के मुकाबले शहर के थानों में ज्यादा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में अपराध के आंकड़े एक बार फिर चिंता बढ़ाने वाले सामने आए हैं। बीते 1 अप्रैल 2025 से 30 मार्च 2026 के दौरान जिले के 13 पुलिस थानों में कुल 651 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 340 मामलों को पुलिस ने सुलझाया, जबकि 311 मामले अब भी अनट्रेस हैं। खास बात यह है कि जिले के शहरी इलाके सिटी थाना, सिविल लाइन, अर्बन एस्टेट और आर्य नगर अपराध के मामलों में सबसे आगे रहे हैं, जबकि महिला थाना में सबसे कम मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दर्ज मामलों में सबसे ज्यादा केस लड़ाई-झगड़े (मारपीट) से जुड़े हैं। छोटी-छोटी बातों पर विवाद बढ़कर एफआईआर तक पहुंच रहे हैं। इसके पीछे आपसी रंजिश, सामाजिक तनाव और सहनशीलता में कमी जैसे कारण प्रमुख हैं। बाजार, सड़क और मोहल्लों में होने वाले छोटे विवाद भी अब बड़े केस का रूप ले रहे हैं।

### दर्ज और सुलझे केस

| थाना/श्रेणी | दर्ज | सुलझे |
| --- | --- | --- |
| सिटी रोहतक | 70 | 40 |
| अर्बन एस्टेट | 70 | 40 |
| आर्य नगर | 66 | 30 |
| सिविल लाइन | 65 | 30 |
| सदर | 55 | 25 |
| महम | 55 | 25 |
| सांपला | 50 | 40 |
| आईएमटी | 45 | — |
| लाखनमाजरा | 40 | — |
| शिवाजी कॉलोनी | 40 | — |
| कलानौर | 35 | — |
| बहुअकबरपुर | 30 | — |
| महिला | 30 | — |
| अन्य थाने | — | 110 |
| कुल | 651 | 340 |





### ये है बढ़ती चुनौती

जिले में एक तरफ नए मामले लगातार दर्ज हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पुराने मामलों का निपटारा करना भी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। कुल 311 मामले लंबित होना इस बात का संकेत है कि जांच प्रक्रिया को और तेज करने की जरूरत है। संसाधनों और स्टाफ की उपलब्धता भी एक अहम मुद्दा है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है।

### महिला थाना में कम केस, पर तस्वीर अलग

महिला थाना में सबसे कम 30 केस दर्ज होना राहत की बात जरूर लगती है, लेकिन सामाजिक विशेषज्ञ इसे पूरी सच्चाई नहीं मानते। उनका कहना है कि कई मामलों में महिलाएं शिकायत दर्ज कराने से बचती हैं, जिससे वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आ पाते। ऐसे में जागरूकता और भरोसे का माहौल बनाना जरूरी है।

## 1130 मीटर लंबे सुखपुरा चौक फ्लाईओवर ने दिया दुख पूरा, पौने 2 साल बाद भी अधूरा

# दिसंबर 25 में ही होना था पूरा, अब सितंबर 26 का दावा, डेढ़ साल में भी बन जाए तो बड़ी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित सुखपुरा चौक फ्लाईओवर का निर्माण धीमी गति से होने के कारण यह लोगों को पूरा दुख दे रहा है। जनवरी 2024 में स्वीकृत इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्देश्य शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करना और आसपास के प्रमुख मार्गों को जाम से राहत दिलाना है। जुलाई 2024 में इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया, जो दिसम्बर 2025 तक पूरा होना था, लेकिन अब इसकी डेडलाइन सितंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है।

हालांकि जमीनी हालात ऐसे हैं कि एक साल में भी पूरा हो जाए तो बड़ी बात होगी। करीब 60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस फ्लाईओवर की कुल लंबाई 1130 मीटर निर्धारित की गई है। लेकिन वर्तमान स्थिति में निर्माण स्थल पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाईओवर के नीचे से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। बारिश के दिनों में ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। एचएसआरडीसी के डीजीएम आदित्य कुमार ने कहा कि सुखपुरा चौक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जारी है। इसे सितम्बर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।



### घंटों जाम में फंस रहे लोग

राहगीरों का कहना है कि रोजाना इस मार्ग से गुजरना अब एक चुनौती बन गया है। ट्रैफिक डायवर्जन की स्पष्ट व्यवस्था न होने के कारण जाम की स्थिति और बिगड़ रही है। कई बार लंबी कतारों में फंसकर लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने भी प्रशासन और निर्माण एजेंसी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य को तेज नहीं किया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### काम-धंधा चौपट

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण उनका व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है और धूल-मिट्टी के कारण वातावरण भी खराब बना हुआ है। कई दुकानदारों ने प्रशासन से जल्द से जल्द काम पूरा कराने की मांग की है।

### दिल्ली, हिसार, जींद, भिवानी, पानीपत, चंडीगढ़ और पंजाब आने-जाने वालों को भी मिलेगी राहत

फ्लाईओवर निर्माण पूरा होने से रोहतक सहित दिल्ली, हिसार, जींद, भिवानी, पानीपत, चंडीगढ़ और पंजाब की ओर आने जाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सुखपुरा चौक लंबे समय से ट्रैफिक जाम का प्रमुख केंद्र रहा है, जहां रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में यह फ्लाईओवर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचा परियोजना मानी जा रही थी।

### यहां से किया था रूट डायवर्ट

प्रशासन ने निर्माण कार्य शुरू होने के बाद व्यवस्था बनाने के लिए भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया था। इसके तहत वाहन राजीव गांधी स्टेडियम पुल के नीचे से घूम कर जाएंगे। ऐसे इस सड़क पर भारी ट्रैफिक होने की वजह इस सड़क पर भी जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इस जर्जर हाल सड़क से भारी वाहनों के चालकों के लिए आवागमन परेशानी भरा साबित होगा। ऐसे में प्रशासन को व्यवस्था दुरुस्त बनाने के लिए सड़क की हालत सुधारने की जरूरत है।

## सेनेटरी पैड मामले में आरोपी अफसर की बहाली पर फिर भड़का आक्रोश

- छात्र नेताओं ने चेताया बहाली वापस लेने के लिए रजिस्ट्रार को आज देंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में करीब छह महीने पहले महिला सफाई कर्मचारियों के साथ हुए सेनेटरी पैड मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। छात्र नेताओं ने बताया कि प्रशासन द्वारा इस मामले के आरोपी रहे असिस्टेंट रजिस्ट्रार को बहाल कर दिया है। 26 अक्टूबर 2025 को विश्वविद्यालय में महिला सफाई कर्मचारियों के साथ अपमानजनक व्यवहार और सेनेटरी पैड से जुड़ा एक विवाद सामने आया था। इस घटना के बाद एमडीयू प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए असिस्टेंट रजिस्ट्रार और दो सुपरवाइजरों को टर्मिनेट (बर्खास्त) कर दिया था। छात्र नेताओं ने कहा कि शुक्रवार को एमडीयू के रजिस्ट्रार डॉ. कृष्ण कांत से मिलकर तुरन्त प्रभाव से बहाली वापिस लेने के लिए ज्ञापन देंगे।

छात्र नेता विक्रम सिंह डुमोलिया और दिनेश कांगड़ा ने कहा पीड़ित महिलाओं को घटना के छह महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला है। इसके विपरीत, प्रशासन ने मुख्य आरोपी को वापस ड्यूटी पर बहाल कर दिया है। इसे लेकर छात्र संगठनों और महिला कर्मचारियों में भारी रोष है। छात्र नेताओं ने स्पष्ट किया है कि वे इस मामले में हार नहीं मानेंगे। उन्होंने दावा किया कि उनके पास ऐसे पुख्ता सबूत हैं, जिन्हें वे जल्द ही सार्वजनिक करेंगे। इस खुलासे से न केवल दोषियों का चेहरा बेनकाब होगा, बल्कि उन लोगों की भूमिका भी स्पष्ट हो जाएगी जो पर्दे के पीछे रहकर दोषियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## सेक्टर-3 की सड़कों का मामला अब समाधान शिविर में पहुंचा

# अब नहीं चलेगी ठेकेदार की मर्जी

- आरडब्ल्यूए प्रधान के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधिमंडल, सीटीएम को सौंपा ज्ञापन
- ठेकेदार पर जड़े आरोप, पॉलीक्लिनिक एरिया में नहीं बनाई गईं 14 सड़कें
- लोग बोले - दस साल से नहीं किया गया है निर्माण, सभी सड़कों के निर्माण करवाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-3 की बदहाल सड़कों का मामला एक बार फिर जोर-शोर से उठाया गया। गुरुवार को सेक्टर निवासी लघुसचिवालय परिसर में समाधान शिविर में पहुंचे। आरडब्ल्यूए प्रधान बलबीर सिंह मलिक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट (सीटीएम) को ज्ञापन सौंपकर सेक्टर की सभी सड़कों के निर्माण की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया कि पॉलीक्लिनिक क्षेत्र सहित सेक्टर-3 की कुल 14 सड़कें आज तक नहीं बनाई गई हैं, जबकि इस संबंध में कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले लगभग दस वर्षों से सड़क निर्माण का कोई काम नहीं हुआ है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार ने केवल चार सड़कों का ही निर्माण किया है।



रोहतक। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते सेक्टर 3 के निवासी।





दो ठेकेदारों को दिया गया था 2.45 करोड़ रुपये का टेंडर
मेरी मर्जी: सेक्टर-3 में कहीं बनाई तो कहीं छोड़ दी सड़क

### ठेकेदार पर हो कार्रवाई

आरडब्ल्यूए प्रधान बलबीर सिंह मलिक ने कहा कि कई बार संबंधित विभाग और ठेकेदार को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने ठेकेदार पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए और कहा कि जानबूझकर काम में देरी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### बदहाल हैं सड़कें

निवासियों ने बताया कि सड़कों की हालत इतनी खराब है कि बरसात के दिनों में जलभराव हो जाता है और लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। जगह-जगह गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को भी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए तो स्थिति और भी चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि सड़कों का लेवल सही नहीं है, बरसात के मौसम में यहां पानी भरने से लोगों को परेशानी होगी।

### समय सीमा तय हो

सीटीएम को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि सेक्टर-3 की सभी अधूरी सड़कों का जल्द निर्माण कराया जाए और निर्माण कार्य की समयसीमा तय की जाए। साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की भी बात कही गई है, ताकि भविष्य में लोगों को परेशानी न हो।

### प्राथमिकता से होगा समाधान

सीटीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रधान के अलावा उप प्रधान सतीश हुड्डा, महासचिव लाभ सिंह हुड्डा, डॉ देवेंद्र सिंह, उमेद सिंह खत्री, कर्नल महावीर धनखड़, बलराज श्योराण, चरण सिंह अहलावत आदि मौजूद रहे।

# रिव्यू के नाम पर 12.55 लाख की ठगी के आरोपी को दबोचा

- टेलीग्राम मैसेज से बिछाया जाल, पहले छोटा मुनाफा देकर फंसाया, फिर लाखों ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ऑनलाइन रिव्यू के जरिए मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले गिरोह का साइबर थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-1 निवासी नीरज से 12 लाख 55 हजार 978 रुपये की ठगी हुई थी। पुलिस के अनुसार, 5 जुलाई 2025 को नीरज को टेलीग्राम पर एक मैसेज मिला, जिसमें उसे ऑनलाइन रिव्यू देने के बदले इनाम देने का लालच दिया गया। शुरुआत में नीरज ने 10 हजार रुपये भेजे, जिसके बदले उसे 16 हजार रुपये वापस मिले। इससे उसका भरोसा बढ़ गया और वह आरोपियों के कहने पर लगातार पैसे ट्रांसफर करता गया।

ठगों ने धीरे-धीरे नीरज से बड़ी रकम जमा करवानी शुरू कर दी। जब उसने पैसे भेजने में हिचकिचाहट दिखाई, तो उसे पहले से जमा राशि न मिलने का डर दिखाया गया। इसी दबाव में नीरज कुल 12,55,978 रुपये ठगों के खातों में ट्रांसफर कर बैठा। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना रोहतक में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य प्रशांत पुत्र प्रमोद निवासी नई दिल्ली को 1 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। जांच अधिकारी पीएसआई सोनू ने बताया कि मामले में अन्य आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## खबर संक्षेप



### पेड़ काटने वालों पर दर्ज हो एफआईआर : जयहिंद

**रोहतक।** सेक्टर-6 स्थित बाग में सैकड़ों पेड़ों की कटाई को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने सरकार और एचएसवीपी विभाग पर कड़ा हमला बोला है। जयहिंद ने पेड़ों की कटाई को "पेड़ों की हत्या" बताते हुए कहा कि विकास के नाम पर प्रकृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें बड़े नेताओं और अधिकारियों की मिलीभगत है। जयहिंद ने इस पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है साथ ही उन्होंने घोषणा की कि 5 अप्रैल को कटे हुए पेड़ों की "तेरहवीं" और अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने लोगों से पर्यावरण बचाने के लिए इस मुहिम में शामिल होने की अपील की है।

### धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

**सांपला।** गुरुवार को कस्बे में हनुमान जयंती मनाई गई। जहां मंदिरों में पूजा पाठ की गई ,वही जगह-जगह भंडारे भी लगाए गए। नई अनाज मंडी के सामने भंडारा श्रद्धालु संदीप ओहलान सुबह हवन यज्ञ पूजा अर्चना और हनुमान की आरती की गई। उसके बाद भंडारा शुरू हुआ। जिसमें बुजुर्ग , युवा, बच्चे व महिला भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद लेने पहुंचे। महंत बालक नाथ, बाबा कालिदास, बीजेपी नेता सतीश नांदल आयोजन में शामिल हुए। खंड के गांव कुलताना व दतौड गांव में भी हनुमान मंदिर में भंडारा लगाया गया। जिसमें गांव के अलावा आसपास के भी श्रद्धालु प्रसाद लेने पहुंचे।

### बत्रा का विरोध गलत एवं जनविरोधी : भाटिया

**रोहतक।** हरियाणा उद्योग व्यापार हित मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अनिल भाटिया ने कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा द्वारा खरावड़ हनुमान मंदिर के सामने रास्ता बंद किए जाने के विरोध को गलत एवं जन-विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि उक्त मार्ग को जिला प्रशासन द्वारा जनता की लगातार मांग पर बंद किया गया है। इस स्थान पर सड़क रचना के समय तकनीकी भूल के कारण कई बार गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ था।

### हनुमान जयंती पर शहीद सैनिक सम्मानित

**रोहतक।** वीर बजरंगी हनुमान जयंती पर कटेसरा गांव में सतीश फौजी और उनकी टीम ने कटेसरा गांव के अमर शहीदों ,स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों, गांव के प्रसिद्ध खिलाड़ियों,शिक्षकों, उपलब्धि प्राप्त डॉक्टरों और पूर्व सैनिकों को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया।
समारोह की अध्यक्षता गांव के वयोवृद्ध व्यक्ति सुरजन सिंह ने की समारोह का शुभारंभ महंत बाबा हरिदास और पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के साथ हवन से किया गया।

## 200 रुपये नकद देने और ऑनलाइन भुगतान को लेकर हुआ विवाद

# पेट्रोल पंप सेल्समैन से मारपीट कर बाइक सवार बदमाश 13000 रुपये लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर

कस्बा कलानौर के समीप स्थित एक पेट्रोल पंप पर दिनदहाड़े लूट की वारदात सामने आई है। बृहस्पतिवार शाम करीब 4 बजे दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन के साथ मारपीट कर उससे 13,305 रुपये की नकदी छीन ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, पेट्रोल पंप पर कार्यरत सेल्समैन रोहित अपनी ड्यूटी पर था।

इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे। उन्होंने सेल्समैन से 200 नकद देने को कहा और बदले में ऑनलाइन भुगतान करने की बात कही। जब रोहित ने नकद देने से मना किया, तो दोनों युवकों ने अचानक आक्रामक रवैया अपनाया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।मारपीट के दौरान आरोपियों ने सेल्समैन को




डराते-धमकाते हुए उसके पास मौजूद कैश छीन लिया। बताया जा रहा है कि बदमाश करीब 13,305 रुपये लेकर मौके से फरार हो गए। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आरोपी भाग निकले ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। पेट्रोल पंप जैसे सार्वजनिक स्थान पर दिन के समय हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से व्यापारियों और कर्मचारियों में भय का माहौल बन रहा है।

### सरसों बेचने आए युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

जिले के सांपला क्षेत्र में गढ़ी सिसाना निवासी युवक अमन पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, गढ़ी सिसाना निवासी अमन 26 मार्च को सांपला की नई अनाज मंडी में अपनी सरसों बेचने के लिए आया था। देर शाम वह मंडी में एक दुकान के अंदर चारपाई पर आराम कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही अजय, अक्षय व अन्य साथियों ने मिलकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और कस्सी जैसे हथियारों का इस्तेमाल करते हुए अमन को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। थाना सांपला के प्रभारी उप-निरीक्षक पंकज कुमार



के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 1 अप्रैल को आरोपी अक्षय पुत्र अनुप निवासी गढ़ी सिसाना (जिला सोनीपत) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जांच अधिकारी उप-निरीक्षक चंद्रपाल ने बताया कि वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घायल अमन की शिकायत के आधार पर थाना सांपला में मामला दर्ज किया गया।



रोहतक। महिलाओं को प्रशिक्षण देती टीम की सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## पीएनबी मेटलाइफ और रिस्पॉन्सनेट ने 500 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

- पाठ्यक्रम में तकनीकी प्रशिक्षण, व्यावहारिक अनुभव और कार्यस्थल के लिए तैयारी को किया गया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने रिस्पॉन्सनेट के साथ मिलकर युवा महिलाओं के लिए क्षमता स्किल डेवलपमेंट और आजीविका कार्यक्रम शुरू किया है। यह पहल पीएनबी मेटलाइफ की सामुदायिक विकास और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का हिस्सा है। अगस्त 2025 में शुरू की गई क्षमता पहल का उद्देश्य 500 युवा महिलाओं को कस्टमर केयर, डेटा एंट्री और डिजिटल मार्केटिंग में प्रशिक्षण देना है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को उद्योग से जुड़े और डिजिटल कौशल प्रदान करता है, जिससे उनकी नौकरी के लिए तैयारी बेहतर होती है, आय बढ़ाने के अवसर मिलते हैं और स्थायी आजीविका तक पहुंच आसान होती है। यह प्रशिक्षण हरियाणा के झज्जर ज़िले के बहादुरगढ़ और रोहतक में स्थित रिस्पॉन्सनेट के दो समर्पित केंद्रों के माध्यम से दिया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में तकनीकी प्रशिक्षण, व्यावहारिक अनुभव और कार्यस्थल के लिए तैयारी को शामिल किया गया है, जिससे प्रतिभागी औपचारिक रोजगार प्राप्त कर सकें।

सौरभ लोहतिया, पीएनबी मेटलाइफ के चीफ मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस ऑफिसर ने कहा कि भारत में कामकाजी उम्र की आबादी में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई है, इसलिए उनके लिए कौशल और आजीविका के अवसरों को बढ़ाना बहुत जरूरी है। क्षमता कार्यक्रम के जरिए युवा महिलाओं को ऐसे कौशल सिखाए जाते हैं जिनकी आज के समय में मांग है, ताकि वे रोजगार पा सकें और अपने समुदाय में योगदान दे सकें। यह पहल पीएनबी मेटलाइफ की उस व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत वंचित समुदायों को सहयोग देकर सामाजिक और आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

# हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर आज निकलेगी वाहन शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में एक विशाल धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। 3 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस भव्य वाहन यात्रा को लेकर पूरे शहर में भारी उत्साह है। आयोजकों के अनुसार, इस यात्रा में 500 से अधिक दोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

यह यात्रा सायं 3:30 बजे संकट मोचन हनुमान मंदिर (माता दरवाजा) से प्रारंभ होगी। शहर के प्रमुख मार्गों—बाबरा मोहल्ला, केवल गंज, शिव चौक, इंदिरा मार्केट, दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड और रेलवे रोड से होते हुए यह यात्रा हुड्डा कॉम्प्लेक्स स्थित संघ कार्यालय पर संपन्न होगी। पूरे शहर में भगवा ध्वज और स्वागत द्वारों से सजावट की जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिगत स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल भी मुस्तैद है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे। विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा में भाग लेने की अपील की है। समापन पर संतों के आशीर्वचन और प्रसाद वितरण का भी प्रबंध किया गया है।



रोहतक। शोभा यात्रा के लिए निमंत्रण देते विहिप व बजरंग दल के सदस्य।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में शिक्षकों के लिए नवाचार शिक्षण तकनीक पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की तीनों शाखाओं के अध्यापक व अध्यापिकाएं शामिल हुए। प्रशिक्षण सत्र में रिसोर्स पर्सन शिंपी कलसी ने शिक्षकों को डिजिटल शैक्षिक तकनीकों, कक्षा प्रबंधन और आधुनिक शिक्षण विधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ग्रुप एक्टिविटी, पेयर वर्क और एकल गतिविधियों के से शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के तरीके समझाए। साथ ही लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग से विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर जोर दिया। इस दौरान शिक्षकों ने नई टेस्ट सीरीज भी तैयार की और विभिन्न गतिविधियों के जरिए शिक्षण प्रणाली को सुदृढ़ करने के उपाय सीखे। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने विशेषज्ञ का आभार जताते हुए कहा कि बदलते समय में शिक्षण पद्धति में नवाचार आवश्यक है।

# रिटौली में कबड्डी और साइकिलिंग खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को तराशने के उद्देश्य से गांव रिटौली में दो महत्वपूर्ण खेल नर्सरियाँ स्वीकृत की गई हैं। इन नर्सरियों के लिए खिलाड़ियों का चयन 3 अप्रैल को आयोजित होने वाले ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिटौली के खेल प्रांगण में कबड्डी (बालिका) वर्ग की खेल नर्सरी शुरू की जा रही है। वहीं, ग्राम पंचायत रिटौली में साइकिलिंग की खेल नर्सरी को मंजूरी मिली है। इन दोनों नर्सरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुक्रवार सुबह 10 बजे शुरू होगी।

ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म तिथि प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया



खेल कौशल और शारीरिक दक्षता के आधार पर की जाएगी। हरियाणा सरकार की खेल नीति के अनुसार, इन नर्सरियों में चयनित होने वाले खिलाड़ियों को मासिक डाइट भत्ता/छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। 8 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों को 1500 प्रति माह और 15 से 19 वर्ष के खिलाड़ियों को 2000 रुपये प्रति माह डाइट भत्ता दिया जाता है।

### लाखनमाजरा में होंगे बास्केटबॉल के ट्रायल

लाखनमाजरा में बॉस्केटबॉल काहनौर में एथलेटिक्स और हमायूंपुर में कबड्डी के ट्रायल होंगे राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल काहनौर में आवंटित एथलेटिक्स नर्सरी के लिए खिलाड़ियों और कोच का चयन 3 अप्रैल को 8 बजे किया जाएगा। वहीं गांव हमायूंपुर में कबड्डी खेल नर्सरी की ट्रायल शुक्रवार को गांव के स्थानीय खेल मैदान (दादी पिलाशन मंदिर के पास) में 3 से 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। गांव लाखनमाजरा में शहीद हार्दिक राठी मैमोरियल बॉस्केटबॉल स्टेडियम में लड़कों की बास्केटबॉल खेल नर्सरी शुरू की जा रही है। इसके लिए ट्रायल शाम 5 बजे आयोजित की जाएगी।



रोहतक। ड्राइंग और ब्लॉक की गतिविधियों में भाग लेते बच्चे।

### ऑटिज्म डे पर अभिभावकों की काउंसिलिंग

**रोहतक।** अर्पण मानसिक दिव्यांग बाल संस्थान में बुधवार को ऑटिज्म डे पर अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया गया। जिसमें संस्था में ट्रेनिंग ले रहे ऑटिस्टिक बच्चों के अभिभावकों को काउंसिलिंग दी गई। शिवेंद्र, विननी, युग, राहुल, निर्भय, राहुल बच्चों ने ड्राइंग और ब्लॉक की गतिविधियां करवाई गई। स्कूल इंचार्ज नीलम कटारिया, अंजु वर्मा, ज्योति, मीनाक्षी , मंजित, मीना व प्रियंका ने बच्चों के साथ गतिविधियों में सहयोग दिया।

# सैनी स्कूल में प्रवेश उत्सव पर छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर प्रवेश उत्सव एवं हवन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन पूजन के साथ की गई, जिसमें स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।हवन के दौरान पूरे वातावरण को मंत्रोच्चारण से पवित्र और सकारात्मक बनाया



गया। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने सभी नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का विकास भी विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर छात्रों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। नए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। अंत में सभी ने विद्यार्थियों के सफल भविष्य के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### जीडी गोयंका में प्रथम दिवस का शुभारंभ

**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम दिवस का शुभारंभ हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रिबन कटिंग से हुई, जिसके बाद हवन समारोह आयोजित कर विद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा और मंगलमय वातावरण की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना, सहायक निर्देशक हिमांशु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य अमन अग्रवाल तथा प्रधानाध्यापिका सुश्री अनामिका बल्हारा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हवन के दौरान पूरा वातावरण भक्ति और सकारात्मकता से ओत-प्रोत रहा। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और नए सत्र की शुरुआत को यादगार बनाया।



# भाजपा कार्यकर्ता 6 को मनाएंगे स्थापना दिवस : नवीन

## पार्टी कार्यकर्ता घरों पर फहराएंगे पार्टी का झंडा, वरिष्ठ कार्यकर्ता होंगे सम्मानित

- पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अहलावत ने की। इस बैठक में 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 6 अप्रैल का दिन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व और समर्पण का प्रतीक है। इस दिन को पूरे जोश, उत्साह और संगठनात्मक एकता के साथ मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी की वास्तविक ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है, इसलिए स्थापना दिवस के अवसर पर हर बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

नवीन ढुल ने कहा कि स्थापना दिवस के दिन प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर पर भाजपा का ध्वज फहराएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में संगठन के प्रति समर्पण और एकजुटता का संदेश जाएगा। साथ ही, पार्टी के वरिष्ठ एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों में विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करें।



महम। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में भाजपा की कार्यकर्ता मीटिंग को संबोधित करते जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रदेश मीडिया सह-प्रमुख शमशेर खरक, अजीत अहलावत, अशोक भराण, बसंत लाल गिरधर, जोगिंद्र गिरोत्रा, प्रवीण खत्री, जस्सू नाई, राजेश खरकड़ा, सतपाल सड़ाना, वजीर सैनी, संजय राठी, सुरेश, रुपेश, धर्मपाल, निर्मला राठी, वेद बहलबा, सचिन सैन, सतबीर राठी, यशवंत सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर झंडा फहराकर भाजपा कार्यकर्ता करेंगे पार्टी का प्रचार-प्रसार : रंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सुंडाना मंडल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भूप सिंह गरनावठी ने की तथा इस अवसर पर मंडल प्रभारी हरीश कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.अशोक कुमार रंगा (जिला प्रभारी, सभी प्रकोष्ठ) उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ.रंगा ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती एवं विचारधारा के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस को पूरे उत्साह और समर्पण के साथ बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर 5, 6 एवं 7 अप्रैल को मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में तय किया गया कि 06 अप्रैल को सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर पार्टी का ध्वज फहराएंगे तथा सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की विचारधारा एवं उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। साथ ही, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करते हुए प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



इसके अतिरिक्त पार्टी के आदेशानुसार, 8 एवं 9 अप्रैल को मंडल एवं जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया, जिसमें संगठनात्मक विस्तार एवं जनसमर्थन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।बैठक में अपना वक्तव्य रखने पहुंचे डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है। सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे सेवा, समर्पण एवं संगठन के मूल्यों को अपनाते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाएं। अंत में मंडल अध्यक्ष भूप सिंह गरनावठी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रमों की सफलता के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में मंडल अध्यक्ष भूप सिंह, ढीला पहलवान, अनुप सरपंच, नरेंद्र बनयानी, धर्मेंद्र रिटोली, योगी रिटोली, राहुल बालंद, शुभम ककराना, कुलदीप, वीरेंद्र गरनावठी, बिजेंद्र, चंदरहाश, सतीश, सुनील, ओमप्रकाश बल्लम सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जय हनुमान! भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अनूठा संगम



हनुमान जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजनों, भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और भंडारों के साथ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान कई प्रमुख हस्तियों ने भी मंदिरों में पहुंचकर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। गांव खरावड़ स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं की भीड़ पूरे दिन मंदिर में बनी रही।

रोहतक। बजरंग बली के जन्मोत्सव पर खरावड़ मंदिर में उमड़ा जनसैलाब।

## बजरंग बली के जन्मोत्सव पर खरावड़ मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, देर रात से लगी भक्तों की लाइनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हनुमान जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। गांव खरावड़ स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव के अवसर पर एडीजीपी आलोक मित्तल और डीसी सचिन गुप्ता ने भी मंदिर पहुंचकर मत्था टेका और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, डोभ स्थित बालाजी धाम में भी भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की धर्मपत्नी आशा हुड्डा विधायक भारत भूषण बत्रा के साथ पहुंचीं। उन्होंने बाबा बालाजी के दर्शन कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और भंडारे ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया।





डोभ स्थित बालाजी धाम में पूजा अर्चना करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी आशा हुड्डा व विधायक भारत भूषण बत्रा।

### सुंदरकांड का पाठ किया

किला मोहल्ला स्थित मदन मोहन ठाकुर मंदिर में वीर हनुमान कृपा मंडल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव एवं मंडल का 17वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड का 895वां संगीतमय पाठ किया गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में राम नाम की महिमा को बढ़ाना है।



गौकर्ण तीर्थ स्थित श्री प्राचीन शनि मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाते उप आचार्य बाबा कपिल महाराज,प्रधान बिजेंद्र जैन व अन्य।

### गौकर्ण तीर्थ पर भक्तों का लगा तांता

स्थित श्री प्राचीन शनि मंदिर में हनुमार जन्मोत्सव मनाया गौकर्ण तीर्थ स्थित श्री प्राचीन शनि मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रधान बिजेंद्र जैन ने बताया कि यह जन्मोत्सव हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और भंडारे ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। इस दौरान उप आचार्य बाबा कपिल महाराज ,बीजेपी प्रभारी सतीष पूनिया, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, बीजेपी कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ने कहा कि इन आयोजनों ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि समाज में सेवा, एकता और भक्ति का संदेश भी दिया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर लगा विशाल रक्तदान शिविर



रोहतक। आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि राजेश जैन एमडी, एलपीएस बोसार्ड व हरि ओम सेवा दल के प्रधान आदिश जैन। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। हरि ओम सेवा दल द्वारा श्रीहनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गांव खरावड़ स्थित प्राचीन श्रीहनुमान मंदिर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संस्था के संरक्षक डॉ. अनिल शर्मा की माता स्वर्गीय तुलसी देवी की पुण्य स्मृति को समर्पित रहा।शिविर का शुभारंभ सुबह 5:30 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि राजेश जैन (एमडी, एलपीएस बोसार्ड) ने पंचमुखी श्री हनुमान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने रक्तदान को "महादान" बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। शिविर में कुल 106 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी इस आयोजन की विशेष आकर्षण रही। हरि ओम सेवा दल के प्रधान आदिश जैन ने बताया कि संस्था लगातार सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय है और ऐसे आयोजन समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई गणमान्य व्यक्ति व सेवादार मौजूद रहे।

## बीएमयू में हनुमान चालीसा की गूंज



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान चालीसा का श्रद्धामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूरे वातावरण को भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा के पाठ से हुई, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने भावपूर्वक सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में आध्यात्मिक जागरूकता, सकारात्मक सोच और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर डीन प्रो. अनिल कनवा, डॉ. पवन जलवान, प्रो. मनीष दलाल, प्रो. देवेन्द्र वशिष्ठ, प्रो. जसप्रीत दहिया और प्रो. अरुणाचल सहित विभिन्न संकायों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रो. अनिल कनवा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान हनुमान की भक्ति से साहस, अनुशासन और सेवा भाव जैसे गुण विकसित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।



रोहतक। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर ध्वजारोहण व पूजा अर्चना करते मुख्य अतिथि डॉ सतीश पूनिया ,साध्वी मानेश्वरी देवी व भक्तजन।

### संकट मोचन मंदिर में दिखी आस्था

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में भी जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश पूनिया ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हनुमान जी को 31 किलो का लड्डू और 56 प्रकार के मिष्ठान का भोग लगाया गया। कार्यक्रम में रामायण पाठ, कीर्तन और साध्वी मानेश्वरी देवी के प्रवचन भी हुए। पूरे शहर में "जय श्री राम" और "जय बजरंगबली" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इन आयोजनों ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि समाज में सेवा, एकता और भक्ति का संदेश भी दिया।



### हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा लगाया

सेक्टर-3 स्थित श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर में गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर 11वां विशाल भंडारा, सुंदरकांड पाठ व हवन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। आचार्य पं. गिरिराज अत्री ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 36 बिरादरी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हवन में यजमान की भूमिका सुरेंद्र मलिक ने निभाई। इस अवसर पर धर्मवीर शर्मा, देवेंद्र सरपंच, यशवीर सरपंच, नवीन कुंडू, जगदीश राणा, अनिल गांधी, सूरजमल धनखड़, सुरेश हुड्डा, कौशल्या, महेंद्री व नमन आदि मौजूद रहे।

### सुपवा परिवार ने हनुमान जयंती पर लगाया भंडारा

रोहतक। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स में गुरुवार को श्रीहनुमान जयंती मनाई गई। इस दौरान यूनिवर्सिटी परिसर में स्टाफ व छात्रों के लिए व यूनिवर्सिटी के बाहर शहरवासियों के लिए भंडारा लगाया गया। भंडारे का आयोजन यूनिवर्सिटी के टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ, एचकेआरएन कर्मियों, सिक्युरिटी गार्ड्स व अन्य सभी कर्मचारियों ने मिलजुल कर किया।




## सीवरेज सिस्टम की आधारशिला रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री वैश्य व्यायामशाला एवं गोशाला द्वारा आयोजित जनता कालोनीमें स्थित श्री वैश्य व्यायामशाला एवं गोशाला के प्रांगण की सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन एवं सीवरेज सिस्टम की आधारशीला रखी। मीडियाप्रभारी राजीव जैन ने बताया समारोह में काफी संख्या में गौशाला के सदस्यों ने भाग लिया। भूमि पूजन के मुख्य यजमान अंकुश बंसल पुत्र जगदीश बंसल एवं प्रधान सुभाष तायल एवं सभी सदस्यों ने भूमि पूजन के साथ सिमेंटकरनी से सिमेंट का मसाला फैला कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। यह सड़क10000 वर्ग गज बनाई जाएगी। यह सारी कंकरीट और सीमेंट की पक्की बनाईजाएगी। इसके साथ सीवरेज के नए पाईप डालकर जल निकासी का भी प्रबंध कियाजायेगा। इस अवसर पर रमेश रोहिल्ला, दिनेश तायल, प्रेम गर्ग, जयभगवान ऐरन, विजयगुप्ता, राजिन्द्र ऐरन, श्रीभगवान नंगलिया, नरेन्द्र गोयल, हरिश कुमार,देवेन्द्र सिंगला आदि मौजूद थे।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि अंकुश बंसल को सम्मानित करते प्रधान सुभाष तायल,जयभगवान ऐरन,नरेन्द्र गोयल,रमेश रोहिल्ला व प्रेम गर्ग।

## शिक्षा भारती स्कूल में हवन के साथ नया सत्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शिक्षा भारती विद्यालय जेपी कॉलोनी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर हवन एवं यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिवार, प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में यजमान के रूप में रितु व मनीष गुप्ता, कुलदीप हुड्डा एवं अश्वनी कांत शामिल हुए। वहीं प्रबंधन समिति के सदस्य वेद प्रकाश सेतिया, पुष्पदीप डागर, अंकुश जसपाल, बृजबाला एवं चंद्रशेखर पाठक भी मौजूद रहे। विद्यालय की प्राचार्या आशु साहनी सहित सभी आचार्यगण ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।इस अवसर पर प्राचार्या आशु साहनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका सर्वांगीण विकास विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत रहा।



रोहतक। विद्यार्थियों के साथ कुलगुरु डॉ अमित आर्य। फोटो : हरिभूमि

### तीन दिवसीय अक्षरम में दिखेगा सुपवा के छात्रों का जलवा

रोहतक। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार में 3 अप्रैल से शुरू होने वाले तीन दिवसीय साहित्योत्सव 'अक्षरम' में दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के छात्र-छात्राएं अपनी बहुरंगी प्रतिभा से सभी को रूबरू कराएंगे। सुपवा से 140 छात्र-छात्राएं, फैकेल्टी सदस्य व अन्य स्टाफ 'अक्षरम' में शिरकत करेगा। इनमें से 26 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार सुबह ही जीजेयू हिसार के लिए रवाना हो चुका, जबकि अन्य प्रतिभागी 3 अप्रैल को सुबह रवाना होंगे।

## सीनियर नेशनल टारगेटबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की टीम रुद्रपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भारतीय टारगेटबॉल एसोसिएशन द्वारा उत्तराखंड के रुद्रपुर में 4 से 7 अप्रैल तक आयोजित होने वाली 13वीं सीनियर नेशनल टारगेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) के लिए हरियाणा की टीमों का चयन कर लिया गया है और टीम वीरवार को रवाना हुई। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का दमखम दिखाने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित 12 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वीरवार को रोहतक में आयोजित एक कार्यक्रम में खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।सैनी एजुकेशन सोसाइटी रोहतक के अध्यक्ष अवनीश सैनी, सैनी स्कूल के प्राचार्य डॉ. रामकुमार, वार्ड 8 की निगम पार्षद अंजू सैनी, हरियाणा टारगेटबॉल एसोसिएशन के प्रधान अरुण सैनी और सचिव एडवोकेट उमेश कौशिक ने संयुक्त रूप से टीम को जीत का आशीर्वाद देकर रवाना किया। इस अवसर पर संघ के प्रधान अरुण सैनी ने खिलाड़ियों की सूची जारी करते हुए बताया कि पुरुष टीम में गौरव, नवीन, सचिन, विनय, गौरव, मनदीप, सचिन, टिंकू, पंकज, साजन, सौरभ और जितेंद्र को शामिल किया गया है। वहीं, महिला टीम में कीर्ति, कोमल, नीलम, तनु, राखी, प्रियांशी, खुशी, स्नेह, इशिका, साक्षी, तनीशा और आविष्का हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## लेमन रेस में रवि और सैक रेस में अनु ने सबको पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण 'फनी गेम्स' रहे, जिसमें बीएड के विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा और फुर्ती का प्रदर्शन किया। लेमन रेस में रवि और सैक रेस में अनु अव्वल रहे । थ्री लेग रेस में भी छात्र और छात्रा वर्ग के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। खो-खो प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की टीम ने अपनी रणनीति से जीत दर्ज की।प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने कहा कि खेल गतिविधियां बीएड पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। यह न केवल शारीरिक विकास में सहायक हैं, बल्कि भावी शिक्षकों में टीम भावना और अनुशासन भी पैदा करती हैं। खेल विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि आज की विभिन्न प्रतियोगिताओं में बीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

### जिले को मिली 122 खेल नर्सरियां

रोहतक। जिले के उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए खेल विभाग ने बड़ी सौगात दी है। खेल प्रतिभाओं को जमीनी स्तर पर निखारने के उद्देश्य से खेल विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए खेल नर्सरियों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। इस योजना के तहत जिले के विभिन्न गांवों, स्कूलों और संस्थानों में 47 सरकारी, 75 प्राइवेट और कुल 122 नर्सरियां रहेगी। इन नर्सरियों में मुख्य रूप से कबड्डी, कुश्ती, बॉक्सिंग और एथलेटिक्स जैसे खेलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि शुरुआती उम्र से ही खिलाड़ियों को पेशेवर प्रशिक्षण मिल सके।

कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी
IIT-JEE / NEET / NDA
6th to 12th class & 12th pass
की स्पेशल कोचिंग
MEGA SEMINAR & SCHOLARSHIP TEST
4th April Saturday
10:00 am & 3:00 pm
SPECIAL BATCH FOR NEET 2026
CRASH COURSE
1 Week Free Trial Class Before ADMISSION
100% Scholarship / Free Schooling
KOTA CLASSES
144-L Model Town, Near C.R. Polytechnic College, Rohtak
Contact 97285-44433, 98964-51410

### अधिसूचना

**स्वच्छता की नई पहल-बढाइये हाथ-करे सफाई साथ।**

सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि अपने-अपने घरों में शौचालयों का निर्माण **BIS** मानक **IS 2470 (Part-1 & Part-2)** के अनुसार करवाना अनिवार्य है।

यह मानक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया जाता है, अतः सभी नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित मानकों का पूर्ण रूप से पालन करें। यदि किसी भी शौचालय का निर्माण उक्त मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो संबधित नगर पालिका महम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबधित व्यक्ति की होगी

अतः सभी नागरिकों से अनुरोध है कि समय रहते नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें।

दिनांकः- 02.04.2026

स्थानः- नगर पालिका महम।

**सचिव, नगर पालिका, महम**

### अधिसूचना

**स्वच्छ महम शहर के लिए आओ हाथ मिलाए।**

आमजन को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा देश को खुले में शौचमुक्त करने के लिये स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत नगर पालिका महम शहर को पहले ही खुले में शौचमुक्त करते हुए **ODF+/ODF++** का प्रमाण पत्र भी प्राप्त हो चुका है। नगर पालिका महम स्वच्छ भारत मिशन में वॉटर प्लस **(Water Plus)** प्रोटोकॉल के लिए आवेदन कर रहा है। इस संबंध मे यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपति अथवा सुझाव है तो लिखित रूप में पूर्ण प्रमाणों सहित दिनांक 05.04.2026 तक नगर पालिका, महम कार्यालय की सफाई शाखा में या secy-meham@ulbharyana.gov.in पर दे सकते हैं। ताकि महम शहर को सुन्दर व स्वच्छ बनाने में आपके अमूल्य सुझाव/सहयोग पर अमल किया जा सके।

**सचिव, नगर पालिका, महम**

टूटे पुल | दे रहे हादसों को न्योता | बदबूदार पानी | हर तरफ हरी काई जम चुकी | अव्यवस्था का आलम | बोटिंग भी सुरक्षित नहीं








# बदहाली झेल रही झील, क्या कभी बन पाएगा सुखना जैसा पर्यटन स्थल

प्रशासन की अनदेखी पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्रमुख पर्यटन स्थल तिलियार लेक, जो कभी अपनी हरियाली, नौकायन और मिनी चिड़ियाघर के लिए जाना जाता था, आज बदहाली की मार झेल रहा है। लगभग 132 एकड़ क्षेत्र में फैला यह पर्यटन परिसर हरियाणा पर्यटन विभाग के अहम स्थलों में गिना जाता है। यहां पर दिल्ली ही नहीं अन्य प्रदेशों से भी पर्यटक मनोरंजन के लिए आते है। लेकिन वर्तमान स्थिति इसकी चमक को फीका कर रही है। साफ-सफाई और रखरखाव की कमी ने इसे पर्यटकों के लिए आकर्षण की बजाय चिंता का विषय बना दिया है। तुलना करें तो चंडीगढ़ की सुखना लेक करीब 3 वर्ग किलोमीटर यानी लगभग 740 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली एक खूबसूरत मानव निर्मित झील है, जो अपनी साफ-सफाई और बेहतर प्रबंधन के लिए देशभर में जानी जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या तिलियार लेक भी कभी उसी स्तर तक पहुंच पाएगा या यूं ही उपेक्षा का शिकार बना रहेगा। तिलियार लेक की मौजूदा हालत बेहद चिंताजनक है। झील परिसर में बने दो पुल जर्जर अवस्था में हैं और कई जगह से टूट चुके हैं। इन पुलों से गुजरते समय पर्यटकों की सांसें थम जाती हैं, क्योंकि कभी भी हादसा हो सकता है। स्थिति इतनी खराब है कि ये पुल किसी भी समय ढह सकते हैं, लेकिन अभी तक इनकी मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया

### बारिश में प्रवेश द्वार पर जलभराव

बरसात के बाद हालात और भी बिगड़ जाते हैं। झील के प्रवेश द्वार पर ही जलभराव हो जाता है, जिससे आने-जाने में भारी परेशानी होती है। यही नहीं, जिन पुलों के नीचे से नावें गुजरती हैं, उनकी हालत भी खराब है, जिससे बोटिंग करने वाले लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

### झील का पानी तक मार रहा बदबू

झील के पानी की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं है। कई वर्षों से पानी की सफाई न होने के कारण इसमें हरी काई जम चुकी है। पानी से बदबू आने लगी है और अंदर गंदगी की मोटी परत जमा हो गई है। यह न केवल पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को भी खराब करता है। कभी साफ-सुथरी दिखने वाली यह झील अब उपेक्षा का प्रतीक बनती जा रही है।

### बोटिंग के दौरान नहीं है लाइफ जैकेट

सबसे बड़ी चिंता का विषय बोटिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का अभाव है। तिलियार लेक में बिना लाइफ जैकेट के ही लोगों को बोटिंग करवाई जा रही है। यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। यदि कोई दुर्घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी यह सवाल अब स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### विधायक बोले-पर्यटन केंद्र की तरफ सरकार का नहीं है ध्यान

विधायक बीबी बत्तरा का कहना है कि सरकार का पर्यटन केंद्र की तरफ ध्यान नहीं है। यहां की बदहाली से पर्यटकों का आना भी कम हो गया है। पहले यहां एक माह में 50 हजार से ज्यादा पर्यटक आते थे। लेकिन अव्यवस्थाओं के कारण हालात ज्यादा बिगड़ गए है। यहां पर लोग रोजाना सैर के लिए भी जाते थे। लेकिन अब हालातों को देखते हुए लोगों ने जाना ही छोड़ दिया है। यहां का लेजर शौ भी अब खाल शौपिस रह गया है। इतने करोड रुपये लगाने के बाद वह ठप पड़ा हुआ है। जबकि यहां पर अन्य प्रदेशों से भी लोगों का आना जाना होता है। उसके बावजूद भी इसका ठीक से रखरखाव नहीं किया जा रहा है।

### पुल निर्माण के लिए गया हुआ है प्रपोजल

पुलों के निर्माण के लिए इंजिनियर सेक्शन से प्रपोजल गया हुआ है। अब बात सारी मुख्यालय लेवल पर है। वहीं से सब फाइनल होना है। पर्यटक लाइफ जैकेट पहनते ही नहीं है, उनको देते है तो वह मना कर देते है। ऐसे में क्या किया जा सकता है। हमारी तरफ से पूरी सुविधा दी जा रही है।

-नरेंद्र राणा, मैनेजर, तिलियार लेक



रोहतक। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि पीजीआईएमएस के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ध्रुव चौधरी का स्वागत करते एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग व अन्य प्रोफेसर।

# कोविड ने सिखाया, मानव-पर्यावरण पशु स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़ेः डॉ. ध्रुव

- संक्रामक रोगों, प्रदूषण और पर्यावरणीय असंतुलन की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए मेडिकल, वेटरनरी और पर्यावरण विशेषज्ञों के बीच तालमेल जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीजीआईएमएस के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ध्रुव चौधरी ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने दुनिया को यह कड़ा सबक दिया है कि मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में यूजीसी-एमएमटीटीसी के तहत वन हेल्थ विषय पर शुरू हुए दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स के उद्घाटन सत्र में बतौर विशिष्ट अतिथि यह बात कही।

डॉ. ध्रुव चौधरी ने अपने प्रभावी संबोधन में कहा कि आज संक्रामक रोगों, प्रदूषण और पर्यावरणीय असंतुलन की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए मेडिकल, वेटरनरी और पर्यावरण विशेषज्ञों के बीच तालमेल बेहद जरूरी है। वन हेल्थ इसी समन्वय का प्रभावी माध्यम है, जो भविष्य की स्वास्थ्य नीतियों की दिशा तय करेगा। उन्होंने शिक्षकों और शोधकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अवधारणा को अपने अध्ययन और अनुसंधान में प्राथमिकता दें।

मुख्य अतिथि डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि वन हेल्थ की अवधारणा वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि आज की स्वास्थ्य चुनौतियां किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मानव, पशु और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए बिना सतत विकास संभव नहीं है।

उद्घाटन सत्र में एम्स, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य विषय पर मुख्य वक्तव्य देते हुए कहा कि बढ़ता प्रदूषण श्वसन ही नहीं, बल्कि कई गंभीर बीमारियों का कारण बन रहा है। उन्होंने 'वन हेल्थ' के तहत ठोस और समन्वित नीतियां बनाने की जरूरत पर जोर दिया।

# अभ्यर्थियों की मांग : एचपीएससी की ओर से लागू 35% क्राइटेरिया को तुरंत समाप्त किया जाए



रोहतक। बैठक के बाद मौजूद अभ्यर्थी और विभिन्न छात्र संगठनों के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा लागू किए गए 35 प्रतिशत के नियम और चयन प्रक्रिया में कथित विसंगतियों के खिलाफ अभ्यर्थियों का संघर्ष अब और तेज होता जा रहा है। वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा गठित संयुक्त छात्र मोर्चा ने इस आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया। उन्होंने मांग कि एचपीएससी द्वारा लागू 35 प्रतिशत क्राइटेरिया को तुरंत समाप्त किया जाए।

विश्वविद्यालय के एक्टिविटी सेंटर में शाम 4 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छात्र नेता दीपक मलिक, अरविंद गोस्वामी और अमित पूनिया सहित एचपीएससी के दर्जनों अभ्यर्थी शामिल हुए। छात्र नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह केवल कुछ अभ्यर्थियों की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे छात्र समुदाय के अधिकारों और भविष्य पर हमला है। बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि इस आंदोलन को व्यापक स्तर पर ले जाने के लिए संयुक्त छात्र मोर्चे का विस्तार किया जाएगा और अन्य छात्र संगठनों को भी साथ जोड़ा जाएगा। अभ्यर्थी संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार और आयोग ने इन मांगों पर जल्द ही सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को प्रदेश स्तर पर और अधिक तीव्र किया जाएगा।

### ये प्रमुख मांगें

एचपीएससी द्वारा लागू 35% क्राइटेरिया को तुरंत समाप्त किया जाए और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाते हुए इंटरव्यू के लिए अभ्यर्थियों की संख्या दोगुनी की जाए। कैटेगरी सर्टिफिकेट के तकनीकी कारणों से बाहर किए गए योग्य अभ्यर्थियों को पुनः अवसर देकर उनकी ज्वाइनिंग सुनिश्चित की जाए।

# पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज और इंटरनसफ्लाई के बीच समझौता

- विद्यार्थियों को मिलेंगे इंटर्नशिप के अवसर

**रोहतक।** विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल को निखारने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में कदम उठाते हुए पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय ने एक नई पहल की है। महाविद्यालय ने हाल ही में इंटरनसफ्लाई प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस तीन वर्षीय समझौते का प्राथमिक उद्देश्य महाविद्यालय और उद्योग जगत के बीच की दूरी को कम करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को संरचित इंटर्नशिप प्रोग्राम और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जो नई शिक्षा नीति के अनुरूप है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान ने इस ऐतिहासिक करार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का मौका मिलेगा। उन्होंने जोर दिया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में रोजगार योग्यता बढ़ाना अनिवार्य है और यह समझौता इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# मांगें पूरी न होने पर सात अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी



**रोहतक।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी बैठक नहर भवन स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राकेश लाकड़ा ने की, जबकि संचालन जिला सचिव विक्रम साहू ने किया। इस दौरान राज्य उपप्रधान शिव कुमार, राज्य कमेटी सदस्य नरेश हुड्डा और पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष अजीत पांचाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।कर्मचारी नेताओं ने बैठक में बताया कि सिंचाई विभाग रोहतक के भालोठ सब डिवीजन के कर्मचारियों की कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। आरोप लगाया कि नहर पर बने बेलदार हटों की मरम्मत नहीं हुई, पैदल रास्ते खराब हैं, रात की ड्यूटी के लिए टॉर्च व बैटरी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। इसके अलावा पानी के गेटों की मरम्मत और नहर की सफाई भी नहीं करवाई जा रही, जबकि कागजों में काम पूरा दिखाया जा चुका है। नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कार्यालय आने वाले कर्मचारियों की गैरहाजिरी लगाई जा रही है और उन्हें बर्खास्त किया जा रहा है।

# कुलपति के आश्वासन के बाद गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ ने धरना किया स्थगित



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के प्रशासनिक भवन स्थित धरना स्थल पर वीरवार को गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संघ के प्रधान सुरेश कौशिक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने सदस्यों को जानकारी दी कि बुधवार को चर्चा के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के साथ सकारात्मक बातचीत हुई है। प्रधान सुरेश कौशिक ने बताया कि कुलपति ने कर्मचारियों की जायज मांगों को स्वीकार करने का पूर्ण आश्वासन दिया है और इस प्रक्रिया के लिए सोमवार तक का समय मांगा है। कुलपति के आश्वासन पर कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि शुक्रवार को होने वाले धरने को अस्थाई तौर पर स्थगित किया जाएगा। महासचिव विजय पाल धनखड़ ने चेतावनी देते हुए कहा यदि सोमवार तक मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो उसी दिन विश्वविद्यालय के गेट पर एक विशाल 'गेट मीटिंग' की जाएगी। इसमें कोई भी कड़ा फैसला लिया जा सकता है, जो पूर्ण रूप से हड़ताल का रूप ले सकता है। प्रधान सुरेश कौशिक ने बताया कि कुछ छात्र मीटिंग में आए थे। उन्होंने कहा कि छात्र मीटिंग में बाधा डालने के लिए आए थे।

# सिरतार संस्थान में वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



सिरतार संस्थान में 'वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे 2026' का आयोजन संस्थान के प्राचार्य डॉ. ए.डी. पासवान की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के दिव्यांग छात्रों, विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों तथा समस्त कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस वर्ष की थीम 'ऑटिज़्म और मानवता – हर जीवन का महत्व है' रही, जो ऑटिज्म से जुड़े व्यक्तियों की गरिमा और उनके मूल्य को पहचानने पर बल देती है तथा समावेशन और समानता को बढ़ावा देने का संदेश देती है।

कार्यक्रम के अंतर्गत बीएड एसई (आईडी), डीएड एसई (आईडी) एवं एमएड एसई (आईडी) के विद्यार्थियों द्वारा ऑटिज्म से संबंधित भ्रांतियों और वास्तविकताओं पर आधारित एक प्रभावशाली स्किट प्रस्तुत की गई। इस नाटक के माध्यम से ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों की चुनौतियों और समाज में समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता को उजागर किया गया।

इसके अतिरिक्त, पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने ऑटिज्म जागरूकता से संबंधित रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों द्वारा संस्थान से डी-पार्क, रोहतक तक जागरूकता रैली भी निकाली गई।

अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. एडी पासवान ने कहा कि ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक न्यूरोलॉजिकल विविधता है। उन्होंने समाज से अपील की कि ऐसे बच्चों को समझने, सहयोग देने और उनके लिए समावेशी वातावरण तैयार करने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इन बच्चों में अद्भुत क्षमताएं होती हैं, जिन्हें पहचानकर निखारने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का संचालन अंजू (कोर्स कोऑर्डिनेटर) ने किया, जिनके नेतृत्व और समर्पण ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर डॉ. मुकेश कुमार (नैदानिक मनोवैज्ञानिक), डॉ. रविंद्र कुमार, राजवीर, डॉ. शैलेश कुमार, कृष्णलाल, जसप्रीत सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



रोहतक। आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

### गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए स्कोपस जैसे डेटाबेस के महत्व पर डाला प्रकाश

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विवेकानंद पुस्तकालय द्वारा शोधार्थियों व विद्यार्थियों को पुस्तकालय संसाधनों और डिजिटल शोध साधनों के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वीरवार को सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी एवं बॉटनी विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीबीटी में कार्यशाला का शुभारंभ निदेशक डॉ. रितु गिल व बॉटनी में विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता सहरावत ने किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए स्कोपस जैसे डेटाबेस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए स्कोपस जैसे विश्वसनीय डेटाबेस का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो गया है। इस ज्ञानवर्धक और समृद्ध कार्यशाला का आयोजन एल्सेवियर के सहयोग से किया गया, जिसमें एल्सेवियर की ग्राहक सफलता प्रबंधक श्वेता सेठी ने शोध से जुड़े आधुनिक प्लेटफॉर्म ने "स्कोपस एवं साइंस डायरेक्ट" शोध मंचों के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया, जिससे शोध कार्य अधिक सशक्त और विश्वसनीय बनता है। एल्सेवियर के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में श्वेता सेठी ने स्कोपस व साइंस डायरेक्ट के उपयोग की जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## व्यवसाय के लिए लाइसेंस बनवाने के लिए किया प्रेरित

# स्ट्रीट वेंडर्स व रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए जागरूकता अभियान चलाया



रोहतक। रेहड़ी-फड़ी वाले को समझाते नगर निगम की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर में व्यवस्थित एवं सुचारू शहरी आजीविका को बढ़ावा देने तथा स्ट्रीट वेंडर्स रेहड़ी-फड़ी वालो के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उदेश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर निगम के शहरी परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में निगम के संबंधित कर्मचारियो द्वारा संचालित किया गया। अभियान के लिए महावीर पार्क के आस-पास के क्षेत्र को चिन्हित किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स रेहड़ी-फड़ी वाले उपस्थित रहे।

### सीधा संवाद कर दी जानकारी

अभियान के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्ट्रीट वेंडर्स रेहड़ी-फड़ी वाले से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उन्हें उनके व्यवसाय के लिए वैध लाइसेंस बनवाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने यह भी बताया कि अभियान के दौरान स्ट्रीट वेंडिंग रेहड़ी-फड़ी लाइसेंस न केवल उनके रोजगार को कानूनी मान्यता प्रदान करता है, बल्कि उन्हें नगर निगम द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाने में भी सहायता करता है। साथ ही, लाइसेंस धारक स्ट्रीट वेंडिंग रेहड़ी-फड़ी वालो को अनावश्यक कार्रवाई या व्यवधान से भी सुरक्षा मिलती है। मौके पर नगर निगम की टीम ने सभी उपस्थित स्ट्रीट वेंडिंग रेहड़ी-फड़ी वालो को निर्देशित किया कि वे नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होकर अपने आवश्यक दस्तावेज़ जैसे पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक कागजात प्रस्तुत करें, ताकि उनके लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। नगर निगम का उद्देश्य किसी भी वेंडर को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें संगठित एवं सुरक्षित व्यापारिक वातावरण प्रदान करना है। इसके लिए सभी वेंडर्स का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।